For BCom. PI (S/G): Extra Lesson; Date 08.05.2020

Sub:- Bus. Economic & Environment

Ques > बाजार कीमत एवं सामान्य कीमत में विभेद कीजिए।

Ans >

बाजार कीमत एवं सामान्य कीमत में अन्तर
(DISTINCTION BETWEEN MARKET PRICE AND NORMAL PRICE)

बाजार की दशाओं के अनुसार कीमत दो प्रकार की हो सकती है:-

1. बाजार कीमत (Market Price)
2. सामान्य कीमत (Normal Price)

बाजार कीमत वह कीमत है जो समय के एक बिन्दु विशेष पर बाजार में पायी जाती है तथा निरन्तर बदलती रहती है।

इसके विपरीत, सामान्य कीमत माँग और पूर्ति के दीर्घकालीन साम्य के फलस्वरूप निर्धारित होती है। सामान्य कीमत को दीर्घकालीन कीमत भी कहते हैं। सामान्य कीमत से अतिरिक्त लाभ प्राप्त नहीं होते हैं। तथा इसका निर्धारण माँग एवं पूर्ति की स्थायी शक्तियों के फलस्वरूप होता है। दोनों कीमतों का तुलनात्मक अन्तर निम्नवत हैं:-

बाजार कीमत	सामान्य कीमत
1. बाजार कीमत पूर्ण प्रतियोगी बाजार दशा में अति अल्पकाल अथवा बाजार अवधि में निर्धारित होती है।	1. सामान्य कीमत पूर्ण प्रतियोगी बाजार में दीर्घ काल में निर्धारित होती है। यह दीर्घकालीन माँग तथा पूर्ति की शक्तियों द्वारा निर्धारित होती है।
2. इस वस्तु की कीमत-निर्धारण में वस्तु की माँग वस्तु की पूर्ति की तुलना में अधिक प्रभावी है क्योंकि अति अल्पकाल में पूर्ति स्थिर रहती है।	2. इस कीमत-निर्धारण में पूर्ति वस्तु की कीमत को अधिक प्रभावित करती है क्योंकि दीर्घकाल में पर्याप्त समय होने के कारण वस्तु की पूर्ति माँग की दशाओं के अनुसार पूर्णतः समायोजित की जा सकती है।
3. यह कीमत माँग तथा पूर्ति के अस्थायी संतुलन द्वारा निर्धारित होती है जिसके कारण अल्पकालीन बाजार कीमत में उच्चावचन दृष्टिगोचर होते हैं।	3. दीर्घकालीन सामान्य कीमत माँग तथा पूर्ति के स्थायी संतुलन द्वारा निर्धारित होती है।
4. इस कीमत में उत्पादक को असामान्य लाभ, सामान्य लाभ या हानि भी हो सकती है।	4. इस कीमत पर उत्पादक को केवल सामान्य लाभ प्राप्त होते हैं।

Scanned with CamScanner

5. यह कीमत अल्पकाल में बाजार में प्रचलित होती है।	5. यह कीमत काल्पनिक होती है।
6. बाजार की कीमत उत्पादन लागत के समान, इससे अधिक तथा इससे कम भी हो सकती है।	6. सामान्य कीमत सदैव उत्पादन लागत के बराबर होती है। इसी कारण पूर्ण प्रतियोगिता के नियम लागू होते हैं तो सामान्य कीमत में भी लागत के अनुसार परिवर्तन होता है।
7. बाजार की कीमत में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं तथा यह सामान्य कीमत के आसपास इर्द-गिर्द घूमती रहती है।	7. सामान्य कीमत स्थिर रहती है। जब प्रतियोगिता नियम लागू होते हैं तो उत्पादन लागत के अनुसार कीमत बदल जाती है।

बाजार कीमत एवं सामान्य कीमत में सम्बन्ध

बाजार कीमत एवं सामान्य कीमत में भिन्नता होते हुए भी दोनों कीमतों में एक निश्चित सम्बन्ध पाया जाता है। बाजार कीमत में परिवर्तन की प्रवृत्ति पायी जाती है तथा सामान्य कीमत एक स्थायी प्रकृति की होती है, फिर भी दोनों में यह निकटता पायी जाती है कि बाजार कीमत अपने प्रत्येक परिवर्तन में पुनः सामान्य कीमत के बराबर आने का प्रयत्न करती है। दूसरे शब्दों में, बाजार कीमत सामान्यतः कीमत के चारों ओर घूमती रहती है और बाजार कीमत ~~में~~ की प्रवृत्ति सदैव सामान्य कीमत की ओर आने की होती है।

रेखाचित्र द्वारा स्पष्टीकरण:-